भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1366
09 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट

1366. श्री पी.आर.नटराजन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार गत वर्षों की तुलना में वर्तमान वर्ष में देश का रक्षा व्यय बढ़ा है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या ऐसा 'मेक इन इंडिया' योजना के साथ-साथ सीमा पर तनाव के कारण हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान रक्षा उपकरणों के आयात और निर्यात का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): जी, हां । स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार वर्ष 2019 से 2022 तक भारत का सैन्य व्यय निम्नानुसार है :-

(मौजूदा अमेरिकी डालर, मिलियन में)

वर्ष	2019	2020	2021	2022
	71,468.90	72,937.10	76,348.50	81,363.20

रक्षा व्यय में वृद्धि सेनाओं द्वारा प्रस्तावित निधीयन की आवश्यकता एवं सरकार के पास उपलब्ध संसाधनों पर आधारित होती है ।

(घ): सूचना को साझा नहीं किया जा सकता क्योंकि इसका प्रकटीकरण राष्ट्रीय सुरक्षा हित में नहीं होगा ।

****